कार्यालय रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलन बटार मार्ग, पालम, दिल्ली छावनी – 110010

फैक्स/स्पीड पोस्ट

सं. AN/II/2151/DPC/HO/2015-16 दिनांक 03 अगस्त 2015

सेवा में,

रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.क.)
नं. 1 फायनेंस रोड
पुणे-411001.

विषय : वरिष्ठ अनुवादक से सहायक निदेशक(राजभाषा) में पदोन्नति : श्री अनिल राम लाल कुडिया, वरिष्ठ अनुवादक।

सक्षम प्राधिकारी ने श्री अनिल राम लाल कुडिया, वरिष्ठ अनुवादक का नियमित आधार पर ₹ 15600-39100 ग्रेड वेतन ₹ 5400/- में सहायक निदेशक (राजभाषा) के ग्रेड में पदोन्नति का अनुमोदन किया है। उन्हें सहायक निदेशक (राजभाषा) के ग्रेड में पदोन्नति पर मुख्य कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.क.) पुणे में ही पदस्थापित किया गया है। पदोन्नति तत्काल प्रभाव से या उनके कार्यग्रहण करने के बाद से जो भी बाद में हो से प्रभावी होगी

2. पदोन्नति से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि श्री अनिल राम लाल कुडिया, वरिष्ठ अनुवादक के संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 14.09.1992 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 22011/4/91-Estt(A) पैरा 2 में दी गई परिस्थितियां ना आई हो।

3. नियमानुसार ग्राह्य यात्रा भत्ता और कार्यग्रहण अवधि प्राधिकृत है।

4. उक्त अधिकारी का सहायक निदेशक (रा.भा.) के ग्रेड में पदोन्नति की तारीख तक की विधिवत सत्यापित अचल संपत्ति विवरणी भी कार्यग्रहण करने की तारीख से 15 दिनों को भीतर प्रेषित करें।

5. अधिकारी की पदोन्नति संबंधी कार्यालय आदेश भाग-2 की प्रति निम्नलिखित प्रारूप में अधिसूचित की जाए तथा इस मुख्यालय के प्रशासन अनुभाग-2 को उसकी प्रति पृष्ठांकित की जाएं।

क्र.सं.	अधिकारी का नाम	जन्मतिथि	कार्यालय जहाँ कार्यरत है	कार्यमुक्ति की तारीख	संगठन जहाँ तैनात हुए	कार्यालय जहाँ तैनात हुए	कार्य ग्रहण की तारीख

6. श्री अनिल राम लाल कुडिया, वरिष्ठ अनुवादक से संबंधित इस मुख्यालय कार्यालय को डीपीसी के लिए भेजे गए सी.आर. डोजियर के बाद जो भी वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट/ मध्यावधि कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (मूल प्रति) देय है, विधिवत भरकर इस मुख्यालय कार्यालय को तत्काल प्रेषित करें।

7. कृपया इस पत्र की प्राप्ति की पावती दे।

(संगीत)
रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.)

प्रतिलिपि सेवा में,

प्रशासन-10, 11 एवं 13 तथा हिंदी कक्ष (स्थानीय) .... कृपया सूचनार्थ

(संगीत)
रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.)